बातचीत के लिए –

1. आप समय के बारे में कुछ बताइए – सुख का समय या दुख का समय। 2. कोरोना के समय क्या आपने किसी की मदद की? 3. कोरोना के समय आई परेशानियों से आपने क्या सीखा? 4. मास्क लगाना क्यों ज़रूरी है? चर्चा कीजिए। 5. हैंड सेनेटाइज़र के इस्तेमाल का क्या महत्व है? चर्चा कीजिए।

9 समय-समय की बात

हम सीखेंगे

- दो अंकीय संख्याओं का गुणन
- समय की माप (घंटा, मिनट, सेकेंड)
- समय की माप का उपयोग करना (12 और 24-घंटे वाली घड़ी)

आओ गिनें अपने हाथों की अँगुलियाँ



दो हाथों में कुल अँगुलियाँ $2 \times 5 = 10$

12 हाथों में कितनी अँगुलियाँ?





12 बार 5 यानी

12 × 5 या

$$\begin{array}{r} 12 \\ \times \quad 5 \\ \hline \square \end{array}$$

▪ आइए, घड़ी से समय देखना सीखें

आम तौर पर घड़ी के डायल पर 12 अंक होते हैं। हर दो अंकों के बीच 4 छोटी-छोटी लाइनें होती हैं।

शिक्षक-निर्देश—सहभागियों को विभिन्न संदर्भों का प्रयोग करके 2 अंकीय संख्याओं को गुणा करने और लिखने के लिए प्रेरित करें।



- पूरे डायल पर कुल कितनी लाइनें हैं? गिनकर लिखिए। _______ लाइनें
- घड़ी के डायल पर दो या तीन तरह की सुइयाँ घूमती हैं।



तीन सुइयों वाली घड़ी



दो सुइयों वाली घड़ी

NCERT

- सबसे **मोटी** और **छोटी** सुई **घंटे** की सुई है। यह घंटे बताती है।
  घंटे की सुई एक अंक से दूसरे अंक पर एक घंटे में पहुँचती है। यह 12 घंटे में पूरे डायल का एक चक्कर लगाती है। 24 घंटे या एक दिन में यह पूरे डायल के कितने चक्कर लगाती है? ________
- उससे **पतली** और **लंबी** सुई **मिनट** की है। यह मिनट बताती है।
  मिनट की सुई एक अंक से दूसरे अंक पर पाँच मिनट में पहुँचती है। यह 60 मिनट में पूरे डायल का एक चक्कर लगाती है।
- सबसे **पतली** और **लंबी** सुई **सेकेंड** की है। यह सबसे तेज़ चलती है। यह सेकेंड बताती है।

घड़ी में 2 बजे हैं।

घड़ी में 5 बजे हैं।

60 मिनट पूरे होने पर एक घंटे का समय होता है। 3 घंटों में कितने मिनट होंगे?

3×60 या $\begin{array}{r} 60 \\ \times\ 3 \\ \hline \end{array}$

घड़ी में कितने बजे....

जब मिनट की सुई 12 पर हो तो घंटे की सुई जिस भी अंक पर होगी, उतने ही बजे होंगे। जैसे अगर घंटे की सुई 3 पर और मिनट की सुई 12 पर होगी तो तीन बजेंगे।



बारह बजे

___ बजे

___ बजे

___ बजे

डिजिटल घड़ियाँ

- डिजिटल घड़ियों में समय सीधा ही लिखा होता है। रेलवे स्टेशन, मोबाइल फ़ोन आदि में डिजिटल घड़ियाँ होती हैं।
- बताइए, इन घड़ियों में कितना समय हुआ है?



06:40 ___ बजे	07:45 ___ बजे
12:45 ___ बजे	06:20 ___ बजे

किसान की सुबह

सुबह 6 बजे से किसान घास काटना शुरू करके उसके छोटे-छोटे गट्ठे बनाता। जब 5 छोटे गट्ठे बन जाते तो उन पाँचों को बाँधकर बड़ा गट्ठा बना लेता था। 7 बजे तक घास काटकर, 15 मिनट बाद घर पहुँच जाता था। सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक उसने घास के 4 बड़े गट्ठे बना लिए थे।

- उसने घास काटकर कितने छोटे गट्ठे बना लिए हैं?
  ____ इसे ____ × ____ भी लिख सकते हैं।
- वह घर कितने बजे वापस पहुँचा था? ____ बजे सुबह
  इस समय को घड़ी में दर्शाते हैं
- किसान ने घास काटना कितने बजे शुरू किया था? ____ बजे सुबह
- किसान ने घास की कटाई कितने बजे तक की? ____ बजे सुबह
- घास काटने में किसान को कितना समय लगा? ____ घंटा = ____ मिनट
- घास काटने और घर वापस पहुँचने में किसान को कुल समय लगा –
  1 घंटा + 15 मिनट = ____ मिनट

शिक्षक-निर्देश — दैनिक जीवन के कामों में लगने वाले समय के कई उदाहरणों को लेकर चर्चा कीजिए।